सिक्किम विश्वविद्यालय
(स्थापित - २००७)



## कुलपति की कलम से

प्रिय सहकर्मियों और विद्यार्थियों,

नमस्कार !

सिक्किम विश्वविद्यालय की स्थापना 2 जुलाई 2007 को संसद के अधिनियम द्वारा की गई थी, और तब से विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। मैंने वर्ष 2008 से विश्वविद्यालय को विकसित होते देखा है। विभिन्न बाधाओं के बावजूद हमने सिक्किम विश्वविद्यालय को भारत में एक अग्रणी शैक्षणिक और शोध संस्थान के रूप में स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की है, जिसका लक्ष्य वैश्विक नौकरी बाजार के लिए कुशल पेशेवर तैयार करना है। मुझे अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की दलीय कार्य को देखकर बहुत गर्व महसूस होता है, जिन्होंने शिक्षण, अधिगम, शिक्षण प्रविधियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है और जिससे हमारा शैक्षणिक कार्यक्रम और प्रशासन कार्य का विकास सुनिश्चित होता है। हम पूर्व कुलपतियों, पूर्व वैधानिक अधिकारियों और शिक्षण और गैर-शिक्षण दोनों के पूर्व कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को भी रेखांकित करते हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय पर अपनी-अपनी छाप छोड़ी है।

स्थायी परिसर का निर्माण कार्य सुचारु रूप से चल रहा है, शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से 74% काम पूरा हो चुका है। पैकेज-1 का पहला चरण इस वर्ष तक पूरा हो जाएगा, जिसमें छह विभाग पहले ही स्थानांतरित किए जा चुके हैं। हमारा ध्यान छात्रों और कर्मचारियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने पर है, साथ ही एक मजबूत शोध वातावरण को बढ़ावा देने में केन्द्रित है, जो विश्वविद्यालय के भविष्य के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। परिसर का चल रहा विकास वर्तमान चुनौतियों को दूर करने और अधिक छात्रों, शिक्षकों और वैश्विक साझेदारियों को आकर्षित करने की हमारे सामर्थ्य को बढ़ाने में मदद करेगा।

मुझे विश्वविद्यालय की नवपरिकल्पित वेबसाइट के शुभरम्भ की घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है। नई वैबसाइट पुराने स्थिर प्रारूप के स्थान पर अधिक आकर्षक और आधुनिक अंतरफलक से सुसज्जित है। नई वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

**आधुनिक सीएमएस के साथ गतिशील डिजाइन:** वैबसाइट में नवीनतम सामग्री प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) - ड्रूपल का उपयोग करते हुए गतिशील डिजाइन का उपयोग किया गया है, जो निरंतर तकनीकी सहायता और हिंदी सहित बहुभाषी विकल्पों को सुनिश्चित करता है।

**बेहतर उपयोगकर्ता नेविगेशन:** नया डिज़ाइन उपयोगकर्ता-अनुकूल नेविगेशन पर केंद्रित है, जिससे आगंतुकों के लिए अपनी आवश्यक जानकारी को कुशलतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाता है।

**वीडियो समर्थन:** उपयोगकर्ता अब वेबसाइट पर एम्बेडेड वीडियो देख सकते हैं।

**सुगम्यता की विशेषताएं:** साइट में उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पाठ का आकार और कंट्रास्ट समायोजित करने के विकल्प शामिल हैं।

**विकलांग उपयोगकर्ताओं के लिए विशेषताएं:** वेबसाइट स्क्रीन रीडर के साथ संगत है, कीबोर्ड नेविगेशन का समर्थन करती है, और समायोज्य पाठ आकार की अनुमति देती है, जिससे यह दृष्टिबाधित और विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ है।

**जीआईजीडब्ल्यू अनुपालन:** यह वेबसाइट उपयोगकर्ता के अनुकूल और सुलभ बनाने के लिए भारतीय सरकारी वेबसाइटों के लिए जारी दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) का पालन करती है।

**उन्नत खोज कार्यक्षमता:** नई वेबसाइट में त्वरित सूचना प्राप्ति के लिए उन्नत खोज इंजन है।

**उन्नत सामग्री प्रबंधन:** उन्नत सीएमएस में बदलने के लिए अधिक कुशल सामग्री अद्यतन संभव होता है, तथा यह सुनिश्चित होता है कि जानकारी अद्यतन बनी रहे।

**भाषा विकल्प:** पिछले संस्करण में सीमित भाषा समर्थन था, जबकि नई वेबसाइट सरकारी मानकों का पालन करते हुए हिंदी और अंग्रेजी में पूर्ण बहुभाषी क्षमताएं प्रदान करती है।

विश्वविद्यालय की ओर से, मैं प्रणाली प्रबंधन अनुभाग और वेबसाइट समिति को नई वेबसाइट बनाने में उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूँ। इन्फोनेओ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने इस परियोजना पर प्रणाली प्रबंधन अनुभाग के साथ मिलकर काम किया। मैं नई वेबसाइट को पूरा करने में सहायता प्रदान करने के लिए कुलसचिव, वित्त अधिकारी, जनसंचार विभाग और संबन्धित अन्य लोगों की भी सराहना करता हूँ।

जैसे-जैसे हम आगे अग्रसर हो रहे हैं, चलिये हम ईमानदारी, समावेशिता और उत्कृष्टता के अपने सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहते हैं। हम सब साथ मिलकर सिक्किम विश्वविद्यालय को शीर्ष संस्थानों में से एक के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयास करेंगे।

**प्रोफेसर डॉ. ज्योति प्रकाश तामांग** *एफएनए, एफएनएएससी, एफएनएएएस*
कुलपति (कार्यवाहक) एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (सूक्ष्म जीवविज्ञान)
सिक्किम विश्वविद्यालय